

# शहर की सूरत और सेहत दोनों बिगाड़ रहे हैं खाली प्लॉट

## बन सकते हैं भागीरथपुरा जैसे हालात, हल्के में ले रही नगरपालिका

नवभारत न्यूज

**गुना 23 जन. का। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशों को गंभीरता से लेने के बाद अमानक पॉलीथिन और अतिक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने वाली नगरपालिका खाली प्लॉट की समस्या को हल्के में ले रही है। वहीं निवेश के नाम पर धन्नासेठों द्वारा खरीदी गए प्लॉट लोगों की सेहत बिगाड़ सकते हैं। कई जगह हालात इंदौर के भागीरथपुरा जैसे बनने की आशंका है, जिसे नजरअंदाज किया जा रहा है।**

गौरतलब है कि कॉलोनी की अवैध कॉलोनी में बड़ी संख्या में खाली प्लॉट इलाके की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं, वहीं इन प्लॉट में मच्छर पनप रहे हैं और गंदा पानी भी भरा रहता है। यही पानी लोगों के घरों तक ट्यूबवैल और अन्य पेयजल स्त्रोतों के माध्यम से पहुंच रहा है। इसकी एक झलक शुक्रवार को विंध्याचल कॉलोनी में देखी गई, जहां खाली प्लॉटों में ओवरफ्लो होने के बाद गंदा पानी सड़कों तक बहता हुआ देखा गया।





खास बात यह है कि यह समस्या सिर्फ एक कॉलोनी तक सीमित नहीं है। बल्कि शहर जितनी भी पॉश कॉलोनियां हैं, उनमें इस तरह की परेशानी देखी जा रही है। लेकिन नगरपालिका द्वारा खाली प्लॉट के मालिकों को न तो नोटिस दिया जा रहा है और न ही कोई अन्य कार्रवाई की जा रही है, जिसकी वजह से धन्नासेठ निवेश करने के लिए प्लॉट खरीदते हैं और उनकी बाउंड्री किए बगैर खुला छोड़ देते हैं।

**लोगों ने मांगा पार्षद का इस्तीफा**

खाली प्लॉट की वजह से गुना नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 22 स्थित विंध्याचल कॉलोनी के रहवासी इन दिनों नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। कॉलोनी की सड़कों पर घुटनों तक गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि स्कूल जाने वाले मासूम बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदहाली का आलम यह है कि निकासी न होने के कारण नालियों का गंदा पानी अब लोगों के घरों और खाली पड़े प्लॉटों में जमा हो रहा है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। कॉलोनी के लोगों में स्थानीय पार्षद के खिलाफ भारी नाराजगी देखी जा रही है। रहवासियों का आरोप है कि पार्षद को कई बार समस्या से अवगत कराया गया और जनसुनवाई में भी आवेदन दिए गए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने तंज कसते हुए कहा कि जब भी पार्षद को समस्या बताई जाती है, तो वे पल्ला झाड़ते हुए कलेक्ट्रेट जाने की सलाह दे देते हैं। आक्रोशित रहवासियों ने यहाँ तक कह दिया कि अगर हर काम के लिए कलेक्टर के पास ही जाना है, तो पार्षद चुनने का क्या फायदा? ऐसे में पार्षद को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

**पनप सकती हैं बीमारियां**

जलभराव की समस्या अब स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा बन गई है। कॉलोनी में भरे गंदे पानी की वजह से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि यह दूषित पानी जमीन में रिसकर लोगों के घरों में लगे ट्यूबवेल तक पहुँच रहा है, जिससे पीने का पानी भी जहरीला होने की आशंका है। रहवासियों को डर है कि यदि जल्द ही प्रशासन ने सुध नहीं ली, तो कॉलोनी में महामारी फैल सकती है।

**अब तक सिर्फ एक कार्रवाई**

चौंकाने वाली बात यह है कि नगरपालिका के पास खाली प्लॉट मालिकों पर कार्रवाई करने के अधिकार हैं। इसके बावजूद अब तक नगरपालिका ने केवल एक प्लॉट मालिक पर जुर्माने की कार्रवाई की है। ऐसा तब हुआ था जब राजेंद्र सिंह सलूजा गुना नगरपालिका के अध्यक्ष थे। इसके बाद लोग खाली प्लॉट मालिकों के खिलाफ शिकायत करते रहे। अपनी परेशानी बयां करते रहे, लेकिन नगरपालिका ने सख्ती नहीं दिखाई।



## वेतन न मिलने से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट

**गुना।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पिछले दो महीनों से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को संघ के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि हर माह की 1 से 5 तारीख तक वेतन का भुगतान अनिवार्य रूप से होना चाहिए, लेकिन विभाग की तकनीकी पेचीदगियों और प्रशासनिक लेटलतीफी के कारण कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों ने बताया कि वेतन रुकने का मुख्य कारण 'सार्थक एप' पर हाजिरी का वेरिफिकेशन न होना है। हालांकि कर्मचारी शासन के नियमों का पालन करते हुए इस एप पर हाजिरी दर्ज कर रहे हैं, लेकिन कई बार तकनीकी खामियों या सर्वर की समस्या के कारण हाजिरी दर्ज नहीं हो पाती है। इस छोटी सी तकनीकी चूक की सजा कर्मचारियों को वेतन कटौती के रूप में भुगतनी पड़ रही है। ज्ञापन देने पहुंचे कर्मचारियों ने बताया कि उनके पास मकान का किराया देने, बिजली-पानी के बिल भरने और बच्चों की स्कूल फीस जमा करने तक के पैसे नहीं बचे हैं। बैंक की ईएमआई बाउंस होने से उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और मानसिक तनाव बढ़ रहा है। संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो वे काम बंद कर धरने पर बैठने को मजबूर होंगे।

## भैंसाना में श्रीराम महायज्ञ का शंखनाद, 108 रामचरितमानस की भव्य शोभा यात्रा निकाली



नवभारत न्यूज

**राघौगढ़।** समीप भैंसाना में होने जा श्री राम महायज्ञ के लिये 108 रामचरित मानस और सारे वेद-शास्त्रों की हजारों श्रृद्वालुओं के बीच निकाली गई भव्य शोभा यात्रा के दौरान साडा से यज्ञस्थल जयकारों से धर्ममय हो गया। प्रसिद्व समाज सेवी राधेश्याम-अरविन्द धाकड द्वारा निकाली गई धर्म यात्रा का अदुभुद नजारा उस समय सामने आया जब रंगोली से सजी कालोनी की सडकें और छतों से बरसते फूलों से वेद शास्त्रों का इतिहासिक स्वागत हुआ। दरअसल शुक्रवार को बसंतोत्सव पर राधौगढ के साडा से लेकर तपोभूमि स्थित श्री हनुमान मंदिर तक सैकड़ो विधवान संत-महात्माओं से लेकर हजारों महिला-पुरूर्षो के बीच 108 श्रीमद भागवत पुराण-108 रामचरित मानस-18 पुराण-6 वेद शास्त्रों सहित 4 वेद एवं तपोनिष्ठ पंडित ब्रजकिशोर पारीक गुडडा महाराज की विशाल शोभा यात्रा जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द-राधेश्याम धाकड के निवास से संगीतमय सुन्दरकाण्ड से शुरू हुई। ढपलों-बाजों के साथ शुरू हुई शोभा यात्रा हजारों श्रृद्वालुओं के बीच मुख्य मार्गो से होकर 10 किलोमीटर दूर स्थित भैंसाना यज्ञ स्थल पहुॅची। इस दौरान लगभग 15 हजार श्रृद्वालुओं की मौजूदगी के बीच ज्योतिषचार्य एवं वेदाचार्यो के वैदिक मंत्रो से वेंद-शास्त्रों की पूजा-अर्चना कर विधिवत स्थापना हुई। इस दौरान वेद पुराणों की राम जी के जयकारों के साथ महाआरती और साधु-संत एवं विधवानों सहित पंडित पुरूर्षोत्तम पारीक गुडडा महाराज का स्वागत सम्मान किया।

**244 यजमानों ने ग्रंथ-पोथी मस्तक पर धारण शोभा यात्रा में अविभूत नजर आए**

आगामी मई माह में शुरू होने वाले श्री राम महायज्ञ के विशाल आयोजन को लेकर वेद-शास्त्रों की ऐसी पहली शोभा यात्रा सामनें आई जहा प्रसिद्व समाज सेवी राधेश्याम धाकड एवं उनके पुत्र जिला पंचायत अध्यक्ष अरविन्द धाकड सहित 244 यजमान ग्रंथ-पोथी मस्तक पर धारण कर भक्ति में अभिभूत जैसे नजर आयें। पुलिस प्रशासन के व्यापक इंतजामों के बीच लगभग 5 घंटे में भैंसाना यज्ञ स्थल पर पहुॅची शोभा यात्रा के दौरान आयोजक राधेश्याम-अरविन्द धाकड का मंदिर समिति ने साफा बांधकर सम्मान किया। भैंसाना स्थित श्री हनुमान आश्रम पर पंडित ब्रजकिशोर गुडडा महाराज के सानिध्य में यज्ञ के शुरू हुये अध्याय के क्रम में शुक्रवार को श्रृद्वालुओं की आस्था और भक्ति का नजारा उस समय सामने आया जब हजारों श्रृद्वालु यज्ञ स्थल का नजारा देखने और शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## आरोन तहसील परिसर में बिखरे आनंद के रंग

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर तहसील परिसर आरोन में आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय स्कूली छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पारंपरिक और आधुनिक खेलों का आयोजन किया गया, जिनका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस उत्सव का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के तनाव से मुक्त कर उन्हें आनंद, मनोरंजन और शारीरिक व मानसिक विकास के समान अवसर प्रदान करना था। एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ और मंडल अध्यक्ष सुरजीत धाकड़ सहित क्षेत्र के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



## गुना में खेलो एमपी यूथ गेम्स की मशाल का स्वागत

नवभारत न्यूज

**गुना।** खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 13 जनवरी 2026 को लॉन्च की गई मशाल का आज गुना में उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण के क्रम में यह मशाल राजगढ़ जिले से गुना पहुँची। जयस्तंभ चौराहा पर नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मशाल प्राप्त कर इसकी अगवानी की। इस अवसर पर अतुल लुंबा, सुनीला शर्मा, बृजेश दुबे, एस.के. सूद, मनोज शर्मा, दुर्गेश चंद सक्सेना, शिवराज सिंह भदौरिया, सुनीता कंवर, किशन सिंह ठाकुर सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों और स्कूली छात्र-छात्राओं ने मशाल का भव्य स्वागत किया।

## आवारा मवेशियों के विवाद में पूरे परिवार को पीटा, अस्पताल में भर्ती

**गुना।** विजयपुर थाना क्षेत्र के बावड़ीखेड़ा गांव में आवारा मवेशियों के विवाद को लेकर पड़ोसी गांव के दबंगों द्वारा पूरे परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।

फसलों की बर्बादी को लेकर शुरू हुए इस विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब रामगढ़ की ओर से मीणा समाज के कुछ लोग अपने मवेशियों को हांकते हुए बावड़ीखेड़ा के खेतों की तरफ ले आए। जब पीड़ित लोधा परिवार ने अपनी फसलों को बचाने के लिए इसका विरोध किया, तो आक्रोशित हमलावर रात करीब 9:30 बजे लाठी, फरसा और अन्य धारदार हथियारों से लैस होकर गांव में घुस आए और घर में मौजूद परिजनों पर अचानक हमला बोल दिया। इस खूनी संघर्ष में पूरा परिवार लहूलुहान हो गया है, जिसमें एक 2 साल का मासूम बच्चा भी शामिल है। हैरानी की बात यह है कि घटना के बाद जब पीड़ित परिवार ने मदद के लिए डायल 112 पर कॉल किया, तो मौके पर सिर्फ वाहन का ड्राइवर ही पहुंचा, जबकि गाड़ी में तैनात रहने वाला पुलिस स्टाफ गायब था। परिजनों का आरोप है कि विजयपुर थाने में भी मामले को लेकर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती होना पड़ा है। फिलहाल पूरा परिवार घायल है और जिला अस्पताल में अपना इलाज करवा रहा है। वहीं पुलिस की इस कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

## परीक्षा के तनाव से लड़ने के लिए सिखाए गुर

**गुना।** बोर्ड परीक्षाओं के नजदीक आते ही विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक दबाव और तनाव को कम करने के लिए जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर किशोर कन्याल के नवाचार के तहत जिले के स्कूलों में विशेषज्ञों की टीम पहुँच रही है, जो विद्यार्थियों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित कर रही है। दो प्रमुख विद्यालयों में तनाव प्रबंधन पर सत्र लिए। पहली कार्यशाला शासकीय बॉयज एक्सीलेंस स्कूल में हुई, जहाँ विशेषज्ञ समृद्धि ओली ने छात्रों को परीक्षा के डर से उबरने और पढ़ाई के दबाव को संतुलित करने के व्यावहारिक तरीके समझाए।

## लाल परेड ग्राउंड में मनेगा गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह



**गुना।** 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने आज लाल परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित विभागों को आयोजन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और गरिमामय बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कन्याल ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह राष्ट्रीय पर्व पूर्ण अनुशासन और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिले के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे। कलेक्टर ने मैदान की सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा और शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकियों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। प्रशासन द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि विभिन्न विभागों की झांकियों को समारोह के बाद शहर में भी भ्रमण कराया जाए, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों, सामाजिक संस्थाओं और समाजसेवियों को सम्मानित करने के लिए सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सम्मान के लिए नाम 24 जनवरी तक अपर कलेक्टर अखिलेश जैन को उपलब्ध कराए जा सकते हैं। निरीक्षण के अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर, एसडीएम शिवानी पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी, तहसीलदार जी.एस. बैरवा और परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों और परेड की तैयारियों का भी सूक्ष्म निरीक्षण किया।



## विकसित भारत प्रदर्शनी में छलका गुना विधायक पन्नालाल का दर्द

नवभारत न्यूज

**गुना।** उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित दो दिवसीय विकसित भारत एट 2047 प्रदर्शनी के समापन अवसर पर पहुंचे गुना विधायक पन्नालाल शाक्य ने सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक न पहुँचने पर गहरी चिंता जताई। प्रदर्शनी का अवलोकन करते समय जब उन्हें चित्रों के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं और उनके लक्ष्यों के बारे में बताया जा रहा था, तब अचानक उनके मुख से निकला कि सब जगह चोर-डकैत बैठे हैं।

विधायक शाक्य का इशारा संभवत: उन बिचौलियों और भ्रष्ट व्यवस्था की ओर था, जो सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को वास्तविक हकदारों तक पहुँचने से पहले ही प्रभावित कर देते हैं। उनके इस बयान ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। विधायक की उपस्थिति में कार्यक्रम के दौरान अचानक बिजली गुल हो गई। इस अव्यवस्था के कारण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे रहे बच्चों को काफी परेशानी हुई। बिना माइक के बच्चों को जोर-जोर से बोलना पड़ा, जिससे उनकी आवाज सभी श्रोताओं तक स्पष्ट नहीं पहुँच पा रही थी। अपने संबोधन में विधायक पन्नालाल शाक्य ने प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प को सिद्ध करने के लिए युवाओं को अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। राष्ट्रभक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, भारत माता की जय तो जोर से लगानी होगी, यही देशभक्ति का सबसे पहला पाठ है। कार्यक्रम में बाल संरक्षण अधिकारी विजय साहू, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य एचएन जाटव, महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय की प्राचार्य मृदुला सक्सेना, शिक्षक निर्भय सक्सेना, गोविंद मीना सहित अन्य शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**समीक्षा बैठक** — पास सिस्टम लागू करने और गंदगी फैलाने वालों पर चालान के निर्देश

# कलेक्टर की दो टूक : अस्पताल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

नवभारत न्यूज

**गुना 23 जन. का। जिले के शासकीय अस्पताल की कायाकल्प करने और वहां की अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर सख्त रुख अपनाए हुए हैं। शुक्रवार को रेड क्रॉस भवन के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अस्पताल की साफ-सफाई और अनुशासन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।**

सिस्टम बैठक में अस्पताल स्टाफ ने अवगत कराया कि एक मरीज के साथ 5-6 अटेंडेंट के आने से वार्डों में गंदगी और अव्यवस्था फैलती है। इस पर कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में 'पास सिस्टम' या 'टाइम स्लॉट सिस्टम' लागू किया जाए, ताकि एक मरीज के साथ केवल एक ही व्यक्ति प्रवेश कर सके। साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ने संयुक्त रूप से नियमित चालानी कार्रवाई के निर्देश दिए। इस कार्य की निगरानी के लिए डिप्टी कलेक्टर महिमा चौधरी और एसडीएम शिवानी पांडे को रोस्टर के अनुसार सप्ताह में एक-एक दिन स्वयं उपस्थित रहने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की पहचान के लिए सभी 56 कर्मियों की नंबरिंग की जाए और उनका आई-कार्ड पहनना अनिवार्य हो।




**सुरक्षा गार्डों को तलब कर, दी चेतावनी**

चालानी कार्रवाई के दौरान होने वाले विवादों को देखते हुए कलेक्टर ने सुरक्षा गार्डों को तत्काल तलब किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी गार्ड फिजिकली फिट हों, अपनी निर्धारित ड्रेस में रहें और आई-कार्ड जरूर पहनें। अस्पताल प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. सूरज को व्यवस्थाएं सुधारने की अंतिम चेतावनी देते हुए कलेक्टर ने कहा कि अगली बार कमी पाए जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**ईमानदारी से निभाएं जिम्मेदारी**

कलेक्टर ने उपस्थित स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा, जिसकी जो जिम्मेदारी है, वह उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाए। मुझे अस्पताल में केवल समर्पित लोग चाहिए। जब सभी अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे, तभी यह संदेश जाएगा कि हमारा अस्पताल सबसे अच्छा है। बैठक के अंत में उन्होंने रेडक्रॉस सोसाइटी और सेवा भारती द्वारा ठंड से बचाव हेतु मरीजों के परिजनों को मात्र 5 में कंबल और रजाई उपलब्ध कराने की सुविधा की भी समीक्षा की।

## भूकंपरोधी निर्माण तकनीक से सुरक्षित होगा गुना, तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

गुना। आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल, गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन और जिला प्रशासन गुना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। यूनिसेफ मध्य प्रदेश के सहयोग से कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में 21 से 23 जनवरी तक चले इस शिविर में प्रतिभागियों को भूकंपरोधी संरचना निर्माण की बारीकियों और तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। कलेक्टर प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भौगोलिक दृष्टि से गुना जिला भूकंप के सिस्मिक जोन-2 में आता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण से जिले के विभिन्न विभागों में पदस्थ सिविल कार्यों से जुड़े अधिकारियों की दक्षता बढ़ेगी, जिससे भविष्य में बनने वाली सरकारी और निजी इमारतें अधिक सुरक्षित और मजबूत होंगी। आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल से आए तकनीकी विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और भूकंप आपदा प्रबंधन की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, तकनीकी विशेषज्ञ तुषार गोलाईत ने बिल्डिंग कोड्स 1893 एवं 13920 की महत्ता बताते हुए रेट्रोफिटिंग और स्ट्रक्चरल हेल्थ मॉनिटरिंग जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी।

## राजस्थान और देवास से दो लापता नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब

**गुना।** चांचौड़ा थाना पुलिस ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो नाबालिग बालिकाओं को सुरक्षित खोजने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बालिका को राजस्थान के जोधपुर और दूसरी को मध्य प्रदेश के देवास जिले से बरामद किया है। जोधपुर से मिली 15 वर्षीय बालिका चांचौड़ा थाना क्षेत्र से 8 दिसंबर 2025 को एक 15 वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस टीम जोधपुर पहुँची और बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। देवास से खोजी गई 17 वर्षीय किशोरी इसी तरह, 5 जनवरी 2026 को क्षेत्र की एक 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने की शिकायत परिजनों ने दर्ज कराई थी। सक्रियता दिखाते हुए पुलिस ने किशोरी का लोकेशन ट्रेस किया और उसे देवास जिले से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन और एसडीओपी चांचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में हुई इस सफलता में चांचौड़ा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना हो रही है।